NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष:05, अंक:-198, पृष्ठ: 12 | शुक्रवार, 23 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



## ब्रज में होली का आगाज, बांकेबिहारी मंदिर में 'प्रेमरंग' की वर्षा

**मथुरा।** ब्रज में वसंत पंचमी पर 40 दिवसीय फाग महोत्सव (होली) का शुभारंभ आज से हो हो गया है। शुक्रवार की सुबह श्रृंगार आरती के बाद ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में अबीर-गुलाल से होली खेली गई। भक्तों पर प्रेम रंग जब पड़ा तो सब बांकेबिहारी जी के मोह में खोते चले गए। शुक्रवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में आराध्य को कपोलों पर गुलचप्पे का श्रृंगार किया गया। सेवायत गोस्वामी ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल आरती के बाद भक्तों पर बरसाया गया। सेवायत गोस्वामियों द्वारा ठाकुर बांकेबिहारी महाराज का वसंती पोशाक व अलंकारों से श्रृंगार किया गया। भगवान के कपोलों (गालों) पर लाल गुलाल व कुमकुम लगाई गई।



## त्रिवेणी पर उमड़ी भारी भीड

### 10 बजे तक 1.40 करोड़ ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** संगम पर आज शुक्रवार सुबह माघ मेला में वसंत पंचमी स्नान पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। घने कोहरे और ठंड को मात देते हुए लाखों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा रहे हैं। वसंत पंचमी के पावन स्नान पर्व पर प्रयागराज के संगम तट पर आज सुबह 10 बजे तक लगभग 1 करोड़ 40 लाख लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। मेले में पुलिस, पीएसी, आर ए एफ, बीडीएस, यूपी एटीएस के कमांडो के साथ ही खुफिया एजेंसियां तैनात हैं। माघ मेला क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। ब्रह्म मुहूर्त से ही लाखों श्रद्धालु ठंड और कोहरे को मात देते हुए संगम तट पर पहुंचे।



## मां वाग्देवी के तेल चित्र को लेकर भोजशाला पहुंची शोभायात्रा

**भोपाल।** मप्र के धार की भोजशाला परिसर में मां वाग्देवी के तेल चित्र को लेकर शोभायात्रा पहुंच गई है। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष भगवा पताकाएं लेकर शामिल हुए। यात्रा में शामिल युवक 'खाली कर दो रास्ते, भोजशाला के वास्ते' के नारे लगाते नजर आए। शोभायात्रा में डीजे वाहन भी शामिल रहे। परिसर में ही दोपहर एक से तीन के बीच में नमाज भी अदा होगी। धार एसपी मयंक अवस्थी ने भोजशाला में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा- सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। धार शहर को 7 जोन में बांटा गया है, जिन्हें एसपी रैंक के अफसर मॉनिटर कर रहे हैं। एक-एक गली चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर है।

## नोएडा-अहमदाबाद में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

### ई-मेल से मची अफरा-तफरी



**नोएडा।** कुछ निजी स्कूलों को ई-मेल के माध्यम से धमकी मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया है। इस गंभीर घटना के तत्काल बाद, उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। विभिन्न थानों से पुलिस बल, बम स्क्वाड, फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वाड और बीडीडीएस (बम निरोधक दस्ता) की टीमों को तुरंत प्रभावित स्कूलों में भेजा गया है। इन विशेष टीमों द्वारा स्कूलों के परिसरों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी संभावित खतरे का पता लगाकर उसे निष्क्रिय किया जा सके। नोएडा सेक्टर 62 फादर एंगल स्कूल में बम मिलने की सूचना के बाद मौके पर पुलिसकर्मी पहुंचे।

धमकी भरे ई-मेल की तकनीकी जांच के लिए साइबर सेल की टीम भी पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। यह टीम ई-मेल के स्रोत का पता लगाने, भेजने वाले की पहचान करने और इसके पीछे की मंशा को समझने का प्रयास कर रही है। इस तकनीकी जांच से यह स्पष्ट हो सकेगा कि क्या यह कोई वास्तविक खतरा है या केवल एक अफवाह फैलाने का प्रयास।

पुलिस सभी संभावित कोणों से जांच कर रही है और किसी भी प्रकार की चूक से बचना चाहती है। वहीं दूसरी तरफ गुजरात में अहमदाबाद के पश्चिमी इलाके के कई स्कूलों को ईमेल से बम की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद क्राइम ब्रांच की बम स्क्वॉड और फोरेंसिक डिपार्टमेंट की टीम जांच कर रही है। यह जानकारी क्राइम ब्रांच अहमदाबाद की ओर से दी गई

## राजस्थान-यूपी में बारिश, बर्फबारी से वैष्णो देवी यात्रा रुकी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में देर रात से बारिश हो रही है। तेज हवाएं चल रही हैं। कई जिलों में तापमान घट गया है।

हिमालय के राज्यों में भी बारिश-बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। हिमाचल के शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल रहा ड्राई स्पेल खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर के मैदानी और पहाड़ी जिलों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच तक बर्फ जम गई है, इसके कारण शुक्रवार के लिए सभी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई हैं।

श्रीनगर-जम्मू हाईवे भी बंद है। नवयुग टनल के पास ट्रैफिक रोक दिया गया है। मुगल, सिंथन रोड भी बंद हैं। कटरा में बर्फबारी के कारण वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है। राजौरी, पुंछ और कठुआ में स्कूल बंद हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 जनवरी को दूसरा स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इससे उत्तर भारत के 9 राज्यों में बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो सकती है।

# विकसित भारत बनाने के लिए देश एकजुट

### तिरुवनंतपुरम में पीएम ने किया विशाल रोड शो



**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चुनावी राज्य केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में एक विशाल रोड शो किया। यह रोड शो थंपानूर ओवरब्रिज से शुरू होकर पुथरिकंडम मैदान तक आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया, उनकी आधारशिला रखी और उन्हें हरी झंडी दिखाई। उन्होंने पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड का भी शुभारंभ किया और एक लाख लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि ऋण वितरित किए।

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए आज पूरा भारत एकजुट होकर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में हमारे शहरों की बहुत बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों से केंद्र सरकार शहरी मूलभूत ढांचे पर बहुत निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार शहर के गरीब परिवारों के लिए बहुत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत देश में चार करोड़ से अधिक घर बनाकर गरीबों को दिए गए हैं। शहरी गरीबों के लिए एक करोड़ से अधिक घर बनाए गए। केरल के सवा लाख शहरी गरीबों को उनका पक्का घर मिला है। उन्होंने आगे कहा, गरीब परिवारों का बिजली का बिल बचे। इसके लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई। गरीबों को आयुष्मान भारत से पांच लाख का मुफ्त स्वास्थ्य उपचार मिल रहा है। नारी शक्ति के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए मातृ वंदना जैसी योजना बनाई गई है। केंद्र सरकार ने 12 लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त कर दिया है। इसका बहुत बड़ा फायदा केरल के लोगों को भी हुआ है, विशेष कर मध्यम वर्ग को हुआ है, नौकरी पेशा लोगों को मिला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 11 वर्षों में करोड़ों देशवासियों को बैंक प्रणाली से जोड़ने का बहुत बड़ा काम हुआ है। अब गरीब एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं और मछुआरों को भी आसानी से बैंक लोन मिलने लगे हैं। इनके पास कोई गारंटर नहीं है, सरकार खुद उनकी गारंटर बन रही है।

## डोडा में दर्दनाक हादसाः खाई में गिरा बुलेटप्रूफ वाहन, 10 जवानों की मौत

# ढलान पर बिखर गए दस घरों के चिराग





**जम्मू।** डोडा जिले में खन्नी टॉप की बर्फीली ढलान ने वीरवार (गुरुवार) को 10 घरों का चिराग बुझा दिया। जब पूरा देश कड़ाके की ठंड से ठिठुर रहा था तब देश की रक्षा में तैनात ये जांबाज अपनी ड्यूटी की ओर बढ़ रहे थे लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। खन्नी टॉप इलाके में उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया। यह हादसा महज एक दुर्घटना नहीं बल्कि उन पहाड़ी रास्तों की बेबसी की कहानी भी है जहां एक चूक और सुरक्षा इंतजामों की कमी जिंदगी पर भारी पड़ जाती है। खन्नी टॉप ऊंचाई पर स्थित है, जहां सर्दियों में तापमान लगातार शून्य से नीचे रहता है। रात के समय सड़क पर पानी जमकर बर्फ की परत बन जाता है। इस बर्फ को ब्लैक आइस कहा जाता है।

डोडा जिले भद्रवाह में प्रकृति की मार और दुर्गम भौगोलिक स्थिति ने वीरवार को सेना के बुलेटप्रूफ वाहन को भीषण सड़क हादसे में धकेल दिया। हादसे वाली जगह का मंजर देख हर आंख नम थी। सड़क के उस खौफनाक मोड़ पर न तो कोई सुरक्षा दीवार (पैराफिट) थी और न ही कोई चेतावनी बोर्ड।

जानकारों का कहना है कि अगर सड़क के किनारे मजबूत कंक्रीट का पैराफिट होता तो अनियंत्रित होकर गिरते हुए वाहन को शायद रोका जा सकता था। सड़क की हालत भी बेहद जर्जर थी जहां संकरे रास्तों पर भारी वाहनों का गुजरना हर पल जोखिम भरा रहता है। न तो वहां क्रैश बैरियर थे और न ही रात के वक्त चमकने वाले रिफ्लेक्टर जो ड्राइवर को खाई की गहराई का अंदाजा दे पाते।

**ब्लैक आइस... सड़क पर बिछी मौत की अदृश्य चादर**

हादसे का सबसे बड़ा विलेन भीषण ठंड में सड़क पर जमा पानी और पाला बना है। भद्रवाह की इन ऊंची चोटियों पर रात का तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे चला जाता है। बुधवार की रात में यहां का तापमान माइनस 1.5 डिग्री सेल्सियस था। पहाड़ों से रिसता हुआ पानी सड़क पर जमकर ब्लैक आइस बन जाता है जो कांच की तरह फिसलन भरा होता है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जहां पर हादसा हुआ वहां एक छोटा नाला है। इस नाले का कुछ पानी सड़क पर भी आ गया था। पानी और रात में गिरे पाला ने रास्ते पर कांच जैसी परत बना ली थी। इस कारण से हादसे वाले स्थान पर काफी अधिक फिसलन थी।

अधिकारियों के मुताबिक, मोड़ पर वाहन ने जैसे ही ब्रेक लगाने की कोशिश की टायरों ने सड़क से संपर्क खो दिया। दोपहर होने के बावजूद धूप की कमी के कारण वह नमी नहीं पिघली थी जिसने बुलेटप्रूफ वाहन को भी बेबस कर दिया।

भद्रवाह के खन्नी टॉप क्षेत्र की पहाड़ियां ऊबड़-खाबड़ और ढलान वाली हैं। इन्हीं दुर्गम परिस्थितियों में मंजिल की ओर बढ़ा सेना का वाहन हादसे का शिकार हो गया। हादसा रोंगटे खड़े कर देने वाला है। रपटीले रास्ते से फिसलता हुआ वाहन 200 फीट गहरी खाई की ढलान पर पड़े नुकीले पत्थरों से टकराते हुए टुकड़ों में बिखर गया। हादसा इतना भयानक था कि सेना का बुलेटप्रूफ कैस्पर वाहन के पहिये टूटकर दूर-दूर तक जा गिरे। इसका कहीं एक्सल गिरा तो कहीं स्टेयरिंग पड़ा नजर आया। पूरा वाहन के परखच्चे उड़ गए हैं। इन्हीं पत्थरों की चोटों ने जवानों को सबसे घातक नुकसान पहुंचाया।

**देवदूत बनकर पहुंचे लोग**

हादसे की चीखें जैसे ही वादियों में गूंजी, पास के गांवों के लोग कड़ाके की ठंड की परवाह किए बिना देवदूत बनकर मौके पर पहुंचे। सेना और पुलिस के पहुंचने से पहले स्थानीय युवाओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर गहरी खाई में उतरना शुरू कर दिया। पथरीले रास्तों पर पीठ पर लादकर और चादरों का स्ट्रेचर बनाकर उन्होंने घायलों को ऊपर सड़क तक पहुंचाया।



गणतंत्र दिवस-2026 की फुल ड्रेस रिहर्सल आज है। इसके चलते कई मार्ग प्रभावित रहेंगे, जबकि कई मार्ग बंद रहेंगे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वे नई दिल्ली, मध्य दिल्ली व दक्षिण दिल्ली में आने बचें। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल विजय चौक से शुरू होगी और कर्तव्य पथ, सी-हेक्सागोन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की गोल चक्कर वाली प्रतिमा, तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर से होते हुए लाल किले पर समाप्त होगी।

# भारी बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित

## मौसम ने बदला मिजाज, स्कूल और सड़कें बंद, 20 उड़ानें रद्द

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के ऊंचे इलाकों में शुक्रवार को भारी बर्फबारी हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कई प्रमुख सड़कें बंद कर दी गईं, वहीं पहाड़ी जिलों में एहतियातन स्कूलों को भी बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में भी इस मौसम की पहली बर्फबारी दर्ज की गई, जिसके चलते यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया। वहीं जम्मू शहर समेत मैदानी इलाकों में हुई मध्यम बारिश ने पिछले दो महीनों से जारी लंबे सूखे से लोगों को राहत दी है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार गुरुवार देर शाम से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हुई, जबकि रातभर मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होती रही। अधिकारियों के मुताबिक रामबन, डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, राजोरी, रियासी, उधमपुर और कठुआ जिलों के ऊपरी इलाकों में अब भी बर्फ गिर रही है, जहा पांच इंच से लेकर एक फुट से अधिक तक बर्फ जम चुकी है। ताजा बर्फबारी के चलते 270 किलोमीटर लंबा जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग दोनों दिशाओं से बंद कर दिया गया है।



इसके अलावा मुगल रोड, श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग और सिंथन रोड भी यातायात के लिए बंद हैं। यातायात विभाग ने यात्रियों को सड़कें पूरी तरह बहाल होने तक यात्रा न करने की सलाह दी है।

स्थिति को देखते हुए राजोरी, पुंछ और कठुआ के पहाड़ी क्षेत्रों में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पुलिस और जिला प्रशासन ने खराब मौसम से निपटने के लिए सभी जिलों में हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।


आखिरकार उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदला। मौसम ने करवट ली और राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह से बारिश का दौर जारी है। निचले इलाकों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश हुई है। वहीं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी ने मौसम को और सर्द बना दिया है। केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, मसूरी, चकराता और धनौल्टी जैसे इलाकों में बर्फ की फुहारें गिर रही हैं। मौसम बदलने से ठिठुरन बढ़ी है। बर्फबारी के इंतजार में बैठे लोगों के चेहरे खिल उठे हैं।

पहाड़ों की रानी मसूरी में लालटिब्बा क्षेत्र में हल्की बर्फबारी शुरू हो गई है, जिससे मौसम में ठंड बढ़ गई है। लंबे समय बाद बर्फबारी देखने को मिलने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों के चेहरे खिल उठे हैं। वहीं धनौल्टी में बसंत पंचमी के साथ सीजन की पहली बर्फबारी दर्ज की गई है, जिससे पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

# संगम स्नान के बाद रामनगरी पहुंचे बाबा रामदेव

**अयोध्या।** योग गुरु बाबा रामदेव शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने एक आश्रम में आयोजित योग शिविर में भाग लिया। इस दौरान राम जन्मभूमि सहित कई धार्मिक और सामाजिक विषयों पर अपनी बात रखी। प्रयागराज में स्नान करने के बाद वह रानमनगरी पहुंचे हैं।

बाबा रामदेव ने कहा कि अयोध्या हमारा पवित्र तीर्थ है, जिसे विदेशी आक्रांताओं ने अपने अत्याचारों से बहुत नुकसान पहुंचाया। राम जन्मभूमि जाकर रामलला के दर्शन करेंगे। रामत्व, कृष्णत्व, हनुमत्व और



शिवत्व की प्रतिष्ठा जब जन-जन में होगी, तभी सनातन का गौरव समाज और जीवन में स्थापित होगा। सनातन हमारे आचरण में उतरे। राम और राम की मर्यादाएं हमारे जीवन का हिस्सा बनें। इसी संकल्प के साथ वह अयोध्या आए हैं।

प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े विवाद पर भी बाबा रामदेव ने प्रतिक्रिया दी। कहा कि तीर्थ स्थलों पर किसी भी शंकराचार्य या साधु को विवाद नहीं करना चाहिए। आपसी विवाद से सनातन का अपयश होता है। हमें आपस में नहीं लड़ना चाहिए, बल्कि सनातन की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया


आगरा ब्रज

www.nnindianews.com

शुक्रवार, 23 जनवरी, 2026









# नाच उठी प्रकृति, लो आ गया ऋतुराज बसंत

**आगरा** एनएनआई। आज से बसंत आरंभ हो गया। इस दिन से सौन्दर्य समृद्धि में प्रकृति का यौवन उमड़ने लगता है। जीवन में इसका उपवास प्रतिबिम्बित होता है। इसी दिन से होली की स्थापना हो जाती है। माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी से ऋतुराज बसंत का आगमन होता है। इस पर्व के साथ ही प्रकृति के सौन्दर्य में निखार आने लगता है। वृक्षों में नए गुलाबी पल्लव मन को बांध लेते हैं। वन में टेसू के फूल खिल उठते हैं। खेतों में सरसों के पीले फूलों से सोने की चमक बिखेरने लगती है। फूलों पर भूरों का संगीत गूंजता है। जौ, गेहूं में बालियां आने लगती हैं। पक्षियों का कलरब और कोयल की कुहू, कुहू सुनकर हर किसी का मन मयूर हो नाच उठता है। हर ओर उल्लास और आनंद छा जाता है। ऐसा लगता है मानो प्रकृति ने धरती पर बसंती रंग बिखेर दिए हों। शहर के दयालबाग क्षेत्र में बसंत उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस मौके पर पूरा दयालबाग क्षेत्र बसंती रंग में रंगा नजर आया। घरों से लेकर दुकानों तक में पीले रंग से सराबोर दिखाई दिए।

# ताजनगरी ने ओढ़ी बादलों की चादर, बूंदाबांदी शुरू



एनएनआई

**आगरा**। ताजनगरी में आजसुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं। रात से चल रही हवाओं ने ठंड बढ़ाई है। हवाएं भी आज सुबह से चल रही हैं। हालांकि 10 बजे के बाद बूंदाबांदी भी हुई। मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहा तो वहीं अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि आज बारिश के बाद दिन के तापमान में कमी आ सकती है।

शुक्रवार को 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चल रही हैं। सुबह के समय अभी भी गलन भरी सर्दी का असर बना हुआ है। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम का असर यातायात पर भी देखने को मिला। रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या कम रही। मौसम विभाग के अनुसार 26 जनवरी से तीन दिनों तक बारिश के आसार हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

## गोली लगने से घायल, चोरी की बाइक और हथियार बरामद

एनएनआई

**फिरोजाबाद**। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिरसागंज पुलिस ने दो वांछित बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पेंगू रोड पर हुई इस मुठभेड़ में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। उनका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने उनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद किए हैं।

एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, बाइक चोरी के आरोपी पेंगू रोड क्षेत्र में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। पुलिस ने चेकिंग शुरू की, तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल आती दिखी। पुलिस के रोकने पर बाइक सवार भागने लगे और तेज रफ्तार के कारण उनकी बाइक असंतुलित हो गई। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान विक्की उर्फ विक्रम पुत्र कुसमाकर और बृजमोहन पुत्र चैतराम के रूप में हुई है। ये दोनों फिरोजाबाद के थाना दक्षिण अंतर्गत हिमायूंपुर निवासी हैं। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, एक जिंदा और दो खोखा कारतूस, साथ ही 32 बोर का एक अन्य अवैध तमंचा, एक जिंदा और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा, एक चोरी की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

घायल बदमाशों को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फरार हुए तीसरे बदमाश की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार विक्की उर्फ विक्रम और बृजमोहन का लंबा आपराधिक इतिहास है। उनके खिलाफ लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड में दोनों को शातिर अपराधी के रूप में चिह्नित किया गया है। इस मुठभेड़ में थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, वीरेंद्र कुमार और प्रेमप्रकाश सहित थाना सिरसागंज पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



newsnextindia1@gmail.com

NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया



## सेंट्रल लॉक बना मौत का जाल

# चलती कार में जिंदा जला एलआईसी एजेंट

एनएनआई

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा क्षेत्र में रात एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। मघटई तिराहा के पास अछनेराझभरतपुर मार्ग पर चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। सेंट्रल लॉक फेल होने से चालक बाहर नहीं निकल सका और कार के अंदर ही जिंदा जल गया।

कमला नगर स्थित सुभाष नगर शीतल अपार्टमेंट निवासी 48 वर्षीय वीरेंद्र ठाकवानी, जो एलआईसी एजेंट थे। गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे अपनी आई-10 ग्रैंड डीजल कार से बोदला से बिचपुरी की ओर निकले थे। रात करीब नौ बजे मघटई तिराहे के पास अचानक उनकी कार में आग लग गई। वीरेंद्र ने तुरंत कार रोकने की कोशिश की, लेकिन सेंट्रल लॉक होने के कारण दरवाजे नहीं खुले और वे अंदर ही फंस गए। कुछ ही पलों में आग ने पूरी कार को चपेट में ले लिया। कार से उठती लपटें और चालक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों ने आग बुझाने और वीरेंद्र को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कोई कार के पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। सूचना पर जगदीशपुरा थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद रात करीब 9:20 बजे कार से वीरेंद्र को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बाद में पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे स्वजनों ने उनकी शिनाख्त की। बताया गया कि वीरेंद्र अपने परिवार के इकलौते बेटे थे, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद भरतपुर मार्ग पर करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। इंस्पेक्टर जगदीशपुरा प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट से कार में आग लगने की आशंका जताई जा रही है।



## तेज रफ्तार मैक्स की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**आगरा एनएनआई।** थाना खंदौली क्षेत्र के हाथरस मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार की जान चली गई। प्रकाश कोल्ड स्टोरेज के सामने तेज रफ्तार मैक्स वाहन ने पीछे से साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक सड़क पर उछलकर जा गिरा और मैक्स चालक उसे कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। हादसे में जान गंवाने वाले साइकिल सवार की पहचान नगला महाराम निवासी मुकेश (पुत्र स्व. भगवानदास) के रूप में हुई है। वह नूनिहाई स्थित रोमसंस फैक्ट्री में सफाई कर्मचारी थे और रोज की तरह सुबह करीब छह बजे साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई मैक्स ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि मुकेश करीब पांच फीट दूर जा गिरे। चालक ने वाहन रोकने के बजाय उन्हें रौंदते हुए फरार होना बेहतर समझा। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक मुकेश की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।



## पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा, वीडियो वायरल

एनएनआई

**आगरा।** थाना न्यू आगरा परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अधिवक्ता के साथ हुई कथित घटना को लेकर तहरीर देने पहुंचे अधिवक्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद हाथापाई हो गई। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

एक अधिवक्ता के साथ हुई घटना से नाराज होकर बड़ी संख्या में अधिवक्ता गुरुवार शाम थाना न्यू आगरा पहुंचे थे। थाने के अंदर तहरीर को लेकर हुई बहस ने अचानक उग्र रूप ले लिया और अधिवक्ताओं तथा पुलिसकर्मियों के बीच जमकर हाथापाई हो गई। कुछ देर के लिए थाना परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। स्थिति बिगड़ते देख मौके पर थाना प्रभारी और डिविजन चौकी इंचार्ज पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह हालात को नियंत्रित किया और दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद थाने में स्थिति सामान्य हो सकी। घटना के बाद अधिवक्ता समाज में रोष व्याप्त है। वहीं पुलिस विभाग मामले की जांच में जुट गया है। वायरल वीडियो के आधार पर भी पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की जा रही है।

## आज शाम हवाई हमले की मॉकड्रिल, सायरन के साथ होगा ब्लैकआउट

एनएनआई

**आगरा।** हवाई हमले जैसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए शुक्रवार शाम मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। शाम ठीक छह बजे पुलिस लाइन क्षेत्र में सायरन बजते ही ब्लैकआउट कर दिया जाएगा। कुछ ही क्षणों में आसपास के इलाकों की बिजली आपूर्ति बंद हो जाएगी, जो पूरे छह मिनट तक गुल रहेगी।

ब्लैकआउट के बाद शाम 6 बजकर 6 मिनट पर दोबारा सायरन बजाया जाएगा, जिसके साथ ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इस दौरान नागरिक सुरक्षा संगठन की अगुवाई में पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम राहत एवं बचाव अभ्यास करेगी। सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर यह मॉकड्रिल आगरा सहित प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ आयोजित की जा रही है। अभ्यास में पुलिस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग, टोरेंट पावर, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग सहित अन्य विभागों का सहयोग रहेगा। पुलिस लाइन परिसर में आयोजित इस मॉकड्रिल के दौरान हवाई हमले की स्थिति में घायलों को सुरक्षित निकालने और प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया का भी अभ्यास किया जाएगा। एडीएम सिटी ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य आपात स्थिति में सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और त्वरित कार्रवाई को सुनिश्चित करना है।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


## बंदरों का डर: शाहगंज में महिला की मौत, शाहदरा में छात्र घायल

एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। घनी आबादी वाले इलाकों में खुलेआम घूम रहे बंदर अब जानलेवा साबित हो रहे हैं। नगर निगम की लापरवाही के बीच शाहगंज क्षेत्र में बंदरों के हमले से एक महिला की जान चली गई, जबकि शाहदरा इलाके में एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

शाहगंज के वेस्ट अर्जुन नगर में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। बिरमा देवी छत से कपड़े उतारने गई थीं। इसी दौरान छत पर मौजूद 15-20 बंदरों के झुंड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। बंदरों से बचने के प्रयास में महिला घबरा गईं और संतुलन बिगड़ने से तीसरी मंजिल से नीचे गिर पड़ीं। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों की शिकायतें लंबे समय से की जा रही हैं, लेकिन नगर निगम की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



इधर शाहदरा क्षेत्र में भी बंदरों का उत्पात सामने आया है। आदर्श गली में छत पर बैठकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे इंटरमीडिएट के छात्र कृष्णा पर बंदरों ने हमला कर दिया। बंदरों के आपसी झगड़े के दौरान एक बंदर ने छात्र की ओर झपट्टा मारा, जिससे वह संतुलन खो बैठा और पड़ोसी मकान के छज्जे में गिर गया। सिर, नाक और आंख में गंभीर चोट लगने से छात्र को निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार सिर में खून का थक्का जम गया है और हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आगरा में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले भी कई बार बंदरों के हमलों में लोगों की जान जा चुकी है। हर घटना के बाद कुछ दिनों तक हंगामा होता है, फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

## आलू व्यापारी बन थाने पहुंचा साइबर ठग, 25 लाख की फर्जी लूट कहानी से खुला राज

एनएनआई

**आगरा।** साइबर ठगी के 25 लाख रुपये दबाने के लिए रची गई लूट की फर्जी साजिश मुरैना पुलिस के सामने चंद मिनटों में ही बेनकाब हो गई। खुद को आगरा का आलू व्यापारी बताकर थाने पहुंचे तीन युवक दरअसल साइबर ठग गिरोह के सदस्य निकले, जो ऑनलाइन ठगी की रकम को ठिकाने लगाने का काम करते थे।

गुरुवार तड़के करीब चार बजे सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आर्टिगा कार से पहुंचे हाथरस निवासी अमित चौधरी, बंटी किरार और कार चालक हर्षित ने पुलिस को बताया कि गुना से आगरा लौटते समय बदमाशों ने उनकी कार रोककर 25 लाख रुपये लूट लिए। आरोप लगाया गया कि बदमाशों ने मिर्च पाउडर आंखों में झोंककर तमंचे के बल पर वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस को शुरूआत से ही कहानी संदिग्ध लगी। कार पर टक्कर या एक्सीडेंट के कोई स्पष्ट निशान नहीं थे। शीशे खुले होने और कथित लूट की परिस्थितियों पर भी आरोपी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। जांच के दौरान जिस मिर्च पाउडर का जिक्र किया गया, वह गुना का पैक निकला। इसके बाद पुलिस ने जब तथाकथित आलू व्यापारी की पड़ताल की तो गुना और आगरा–दोनों जगह उसके व्यवसाय की कोई पुष्टि नहीं हो सकी। 25 लाख रुपये के स्रोत के बारे में भी आरोपी कोई हिसाब नहीं दे पाए। कड़ाई से पूछताछ करने पर पूरी फर्जी लूट की कहानी ढह गई। आरोपियों ने कबूल किया कि वे साइबर ठगी के पैसों को निकालकर गिरोह के मास्टरमाइंड भोपाल निवासी अभिषेक पंडित तक पहुंचाने का काम करते हैं। बदले में उन्हें एक प्रतिशत कमीशन मिलता था। पुलिस जांच में सामने आया कि ठगी की रकम देश के अलग-अलग शहरों–ग्वालियर, गुना, भोपाल, बनारस और दिल्ली–के किराए के बैंक खातों में ट्रांसफर कराई जाती थी। बाद में आरोपी इन खातों से नकद निकालकर रकम को अलग-अलग जगहों पर अभिषेक पंडित को सौंपते थे। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मास्टरमाइंड को कभी आमने-सामने नहीं देखा। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार की मैट के नीचे से 14 एटीएम कार्ड और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मुरैना के एडीशनल एसपी सुरेंद्र पाल डावर के अनुसार, मामला केवल फर्जी लूट का नहीं बल्कि बड़े साइबर ठगी नेटवर्क से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराध की पूरी चेन को जोड़कर गिरोह की गहराई से जांच कर रही है।

NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

शुक्रवार, 23 जनवरी, 2026













# रिस्की हुए ई-रिक्शे

## जहां-तहां खड़े रहते हैं बेतरतीब

### शहर में जाम की भी बहुत बड़ी वजह



एनएनआई

**आगरा।** शहर की यातायात व्यवस्था को चौपट करने की एक वजह ई-रिक्शा ऑटो हैं। शहर में हजारों की संख्या में ई-रिक्शा और ऑटो दौड़ रहे हैं, जो राहगीरों के लिए रिस्की होते जा रहे हैं। इनके चलते जहां मार्ग जाम हो जाता है, वहीं सडकों पर दौडते इन रिक्शों सें राहगीरों के चोटिल होने का भी खतरा बना रहता है। लड़ाई-झगड़े भी होते रहते हैं। शहर में ई-रिक्शा स्टैंड न होने की वजह से ये जहां-तहां खड़े रहते हैं। खासकर चौराहों के मोड़ इनके कब्जे में रहते हैं। शहर के मुख्य बाजार सहित व्यस्ततम मार्गों तक पर ई-रिक्शा खड़ा करने के लिए निर्धारित स्थल नहीं है। इससे ई-रिक्शा चालक बेतरतीब ढंग से सड़क पर खड़े रहते हैं। ई-रिक्शे का उपयोग सामान ढोने में भी किया जा रहा है। यह राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं। टीन शेड, लोहे के एंगल और अन्य खतरनाक सामान लिए ई-रिक्शे सड़कों पर दौड़ते रहते हैं। लोहामंडी, शाहगंज, जगदीशपुरा, राजामंडी, बेलनगंज, भगवान टाकीज चौराहा, कमलानगर, बल्केश्वर, कचहरी घाट, सदर बाजार, एमजी रोड सहित पूरे शहर में कहीं भी ई-रिक्शे के लिए पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। पार्किंग न होने की वजह से चालक कहीं भी ई-रिक्शा खड़ा कर देते हैं। खासकर शहर के चौराहों के नुक्कड़ इनके कब्जे में रहते हैं। चौराहों के नुक्कड़ों पर ई-रिक्शा चालकों का कब्जा होने के कारण राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस कारण जाम भी लग जाता है।

### बाजारों में होती है परेशानी

शहर के सघन बाजारों में ई-रिक्शों के चलते राहगीरों को निकलने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। बाजारों में जाम लगने की एक बड़ी वजह भी ई-रिक्शा ही हैं। अंधाधुंध तरीके चलने वाले ई-रिक्शों और ऑटो से अक्सर लोग घायल हो जाते हैंया उनसे बिधकर लोगों के कपडे आदि फट जाते हैं। हालत यह हो जाती है कि तेज रफ्तार से दौड़ते ई-रिक्शा व ऑटो से खुद को बचाना पड़ता है। ऐसे में ई-रिक्शा चलाने वालों को सीख देना भी अच्छा नहीं लगता। एतराज जताने पर वे झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं।

### स्टेशनों पर भरमार

ई-रिक्शा व ऑटो चालकों की यूं तो शहर में हर जगह आमद अच्छी है, लेकिन यह सबसे ज्यादा आगरा कैंट, राजामंडी और फोर्ट रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क घेरे खड़े मिल जाते हैं। ईदगाह और बिजलीघर बस स्टैंड भी इनसे घिरे रहते हैं। इसके अलावा खंदारी हाइवे चौराहा, सूरसदन तिराहा, सेंट जॉन्स चौराहा, बेलनगंज, लोहामंडी, भगवान टॉकीज सहित शहर के चौराहे-तिराहे के नुक्कड इनसे घिरे रहते हैं।



# जनेश्वर मिश्र का जीवन समाजवाद, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की मिसालः शब्बीर अब्बास

## जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर सपा ने की विचार गोष्ठी

एनएनआई




**आगरा।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक, समाजवाद के पुरोधा एवं जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके संघर्षपूर्ण जीवन, समाजवादी विचारधारा और जनसेवा के प्रति समर्पण को याद किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष उदल सिंह कुशवाह एवं महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास के नेतृत्व में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्र के विचारों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। शब्बीर अब्बास ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का जीवन समाजवाद, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की मिसाल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष श्री शब्बीर अब्बास ने कहा कि स्व. जनेश्वर मिश्र जी ने हमेशा शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों की आवाज बुलंद की और समाजवादी आंदोलन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके आदर्श आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। गोष्ठी में उपस्थित कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे स्व. जनेश्वर मिश्र जी के बताए मार्ग पर चलते हुए समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रवक्ता पुष्पेंद्र शर्मा, असीम यादव, देवेंद्र यादव, देवेंद्र राठौर, पूनम बाल्मीकि, गुड्डी भारती, पप्पू यादव, अमित प्रताप, जमाल सिद्दीकी, विनोद श्रोत्रिय, फहीम उस्मानी, समीर अब्बास, परवेज खान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नगर स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन

- नौकरी और मेडिकल भुगतान कराने के नाम पर लाखों रुपए ठगी का आरोप

एनएनआई



**आगरा।** वाल्मीकि महा पंचायत के अध्यक्ष तख्त चौधरी गौरव वाल्मीकि के नेतृत्व वाल्मीकि समाज के उन पीड़ितों ने प्रदर्शन किया, जिनके साथ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव वर्मा ने नौकरी, और मेडिकल भुगतान कराने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी की गई। पीड़ित भरत शाहू ने बताया कि डॉ संजीव वर्मा ने नौकरी पर वापस लेने और मेडिकल भुगतान कराने के लिए अब तक 80 हजार रूपए डरा धमका कर ऐंठ लिए, जब मैं अपनी नौकरी की बात करता तभी यह कहकर और रुपए मांगे जाते थे। 20-30 हजार रुपए में नहीं मानते उनको कम से कम 50-60 हजार रुपए चाहिए, तभी वो कोई काम करते हैं । पीड़ित भरत शाहू की मां ब्याज पर रूपए लाकर देती रही पिछले एक साल में उसका घर भी गिरवी रख दिया गया। पीड़ित भरत शाहू जब कल अपने काम से डॉ संजीव वर्मा के पास आया तो उसने धक्का देकर भगा दिया और सेवा समाप्त करने की धमकी दी। ऐसा ही , पीड़ित आशा, सुबोध,सुमन के साथ भी किया गया। सभी पीड़ित वाल्मीकि महा पंचायत आगरा के अध्यक्ष तख्त चौधरी गौरव वाल्मीकि से मिले और उन्होंने अपनी आप बीती बताई जिसे सुनकर उन्होंने अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार से बात की, जिन्होंने बुलाया था महा पंचायत के सभी लोगों ने पहले निगम में प्रदर्शन किया। ज्ञापन दिया वार्ता लाप के दौरान पता चला कि भरत के साथ एक और धोखाधड़ी हुई है। जिसमें उसकी सर्विस बुक में2 लाख 49 हजार रूपए का मेडिकल भुगतान होना लिखा हुआ है जबकि भरत को कोई भुगतान नहीं हुआ अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने पूरे मामले से नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल को अवगत करा दिया है। उन्होंने पीड़ितों को न्याय दिलाने की बात कही है।
वहीं गौरव वाल्मीकि का कहना है कि 2 दिन में न्याय नहीं हुआ तो निगम अधिकारी की करतूत मुख्यमंत्री को बताई जाएगी। प्रदर्शन में, बिरजू नरवार, राज कठेरिया,लक्ष्मी नारायण, विक्रम चौधरी, गौरव चौहान साहिल चौहान,शिवम चौहान,विवेक नरवार राहुल चौहान, संजय ऊंचिया अरुण कांत आदि लोग उपस्थित रहे ।

# गरीब असहाय महिलाओं को ठंड से बचाव के लिए किया कंबल वितरण




एनएनआई

**आगरा।** सृजन फॉउंडेशन के तत्वावधान में विवेकानंद जयंती से सुभाष जयंती तक चलने वाले सेवा ही धर्म पखवाड़े के अंतर्गत अवधपुरी में संस्था सृजन फॉउंडेशन की प्रेरणा से भूपिंदर कौर ने अपनी पुत्रवधू जसप्रीत कौर के जन्मदिन पर सेवा का चुना और गरीब असहाय महिलाओं को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता डा आनंद राय एवं संस्था अध्यक्ष अदिति कात्यायन ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ०आनंद राय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद मानना था कि सभी में एक ही ब्रह्म है। इसलिए अपने गरीब और अशिक्षित भाईयो. में उसी ब्रह्म का अंश है, जो हममें हैं।दरिद्र में,दुःखी संतप्त में शिव की दर्शन करो।
केवल अपना मोक्ष चाहोगे तो नर्क में गिरोगे। दूसरों का मोक्ष चाहो -पर सेवा के लिए नर्क भी भोगना पड़े तो वह अपनी मुक्ति द्वारा अर्जित स्वर्ग से भी ज्यादा उत्तम है। तूलिका दास सक्सेना ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का उदाहरण हमारे सामने है। समाज के मोक्ष के लिए पिता, पुत्र, पत्नी सब कुछ त्याग दिया। अध्यक्षीय संबोधन में संस्था की अध्यक्ष अदिति कात्यायन ने हममें से प्रत्येक को रात दिन प्रार्थना करनी चाहिए कि उनके कल्याण के लिए जो दरिद्रता,पाखंड और अत्याचार के पाश में बंधे हैं,भारत के उन करोड़ों दलितों के लिए रात दिन प्रार्थना करो।इन लोगों को अपना ईश्वर मानो।ये ही हमारे देवता हैं और हमारे सर्व प्रथम आराध्य।
पचास वर्षों के लिए सब देवताओं को भुलाकर इनकी पूजा करो।प्राणि मात्र की सेवा सब पूजाओं में महान है। इसलिए स्वामी जी कहते थे चला जा वहां जहां महामारी फैली है। इसी प्रेरणा से सृजन फॉउंडेशन सहायता के रूप में नहीं सेवा भाव से समाज सेवा के काम में लगी है।

# युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति : सांसद चाहर

एनएनआई




**आगरा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद बहराइच से आए युवाओं का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण कार्यक्रम अयोजित हुआ। इसी क्रम में युवाओं ने फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार चाहर के निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। सांसद राजकुमार चाहर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनके सकारात्मक विचार, अनुशासन एवं परिश्रम से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर समाज और देश के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सांसद द्वारा युवाओं को स्नेहपूर्वक मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्होंने सभी युवाओं को टी-शर्ट वितरित की, जिससे युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आत्मीय स्वागत के उपरांत जिला युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार सहगल ने सभी युवाओ और मई भारत की तरफ से माननीय सांसद जी का धन्यवाद ज्ञापन किया के उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकालकर युवाओं का मनोबल बढ़ाया, जिसके लिए सभी युवा उनके आभारी हैं। सांसद चाहर के मार्गदर्शन प्राप्त करने के उपरांत युवा वहीं से फतेहपुर सीकरी के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने मुगलकालीन सभ्यता, भव्य स्थापत्य कला एवं ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन किया। इसके पश्चात युवाओं ने रेड फोर्ट (लाल किला) का भी भ्रमण किया, जहां उन्हें मुगलकालीन शासन व्यवस्था, प्रशासनिक ढांचे एवं ऐतिहासिक महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।



### डीएम ने किया खुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण के लिए टीकाकरण जागरुकता अभियान का शुभारम्भ

# हर ब्लॉक में टीकाकरण को जाएंगे पशु चिकित्साधिकारी

एनएनआई

**22 जनवरी से 10 मार्च तक चलेगा अभियान**

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण हेतु निःशुल्क टीकाकरण व जागरुकता अभियान के 07वें चरण का शुभारम्भ किया।

जनपद में पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के अंतर्गत खुरपका एवं मुंहपका रोग के निःशुल्क टीकाकरण हेतु 15 एम्बुलेंस प्रदान की गई हैं, पशुपालकों में जागरूकता अभियान व टीकाकरण किया जाएगा। इस अभियान वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी द्वारा रवाना किया गया। एम्बुलेंस वाहन घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण करेंगे प्रत्येक टीम में एक पशु चिकित्सक,02 पशुधन प्रसार अधिकारी,03 पैरावेट सहित टीकाकरण किट रहेगी।

यह पहल पशुओं को गंभीर संक्रामक रोगों से बचाने और पशुपालकों को जागरूक करने , टीकाकरण की दिशा में कार्य करेगी।जिलाधिकारी ने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने पशुओं का समय से टीकाकरण कराएं और इस अभियान का पूरा लाभ उठाएं।



मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डीके पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका मुंहपका रोग नियंत्रण व बीमारी के पूर्ण उन्मूलन के लिए जनपद में सघन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है। अभियान कुल 45 दिनों तक चलाया जायेगा। जनपद के समस्त विकास खण्डों को लक्ष्यानुसार वैक्सीन की आपूर्ति की जा रही है। ब्लॉकों में भी टीकों को आईसलाईनर व फ्रीज में सुरक्षित रखा गया है। अभियान के दृष्टिगत विकास खण्ड स्तरीय टीकाकरण हेतु टीमों का गठन कर दिया गया है। गठित टीमें घर-घर जाकर पशुपालकों की उपस्थिति में पशुओं का रजिस्ट्रेशन कर निःशुल्क टीकाकरण करेंगी। स्थल पर ही भारत पशुधन एप पर टीकाकरण सूचना अपलोड करेंगी। प्रतिदिन की सूचना विकास खण्ड स्तरीय नोडल अधिकारी के माध्यम से जनपद स्तर पर नामित नोडल अधिकारी के मोबाईल पर व्हाट्सएप के माध्यम से दी जायेगी। जनपद स्तर सभी विकास खण्डों के टीकाकरण की सूचना संकलित कर गूगल शीट के माध्यम से निदेशालय पशुपालन विभाग लखनऊ को प्रेषित की जायेगी। इस अवसर पर अपर निदेशक पशुपालन डॉ.देवेंद्र पाल सिंह, सीवीओ डीके पांडे सहित पशुपालन विभाग के अधिकारीगण एवं संबंधित कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## आईईटी में हुई जनता के लोकतंत्र पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

एनएनआई

**आगरा।** डॉ भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा के संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) द्वारा लोकतंत्रः जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन कुलपति प्रो आशु रानी के निर्देशन में किया गया।

प्रतियोगिता में विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने रचनात्मक एवं विचारोत्तेजक पोस्टरों के माध्यम से लोकतंत्र के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की कलाकृतियों में अधिकार, कर्तव्य, समानता एवं स्वतंत्रता जैसे लोकतांत्रिक मूल्यों का सुंदर चित्रण देखने को मिला। इस प्रतियोगिता का निर्णायक मंडल डॉ. रेखा शर्मा एवं इं. अंकिता महेश्वर रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता,




मौलिकता एवं संदेश की स्पष्टता की सराहना की तथा विद्यार्थियों को सामाजिक विषयों पर रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. मनु प्रताप सिंह ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा छात्रों को रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों में निरंतर सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. संगीता, इं. चंदन कुमार, इं. अजीत सिंह, डॉ. गिरीश कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी सुश्री शिवानी गुप्ता एवं हिमांशु की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## गभार्धान संस्कार पर चित्रकला प्रतियोगिता

**आगरा एनएनआई।** गभार्धान संस्कार एवं मातृत्व चेतना के प्रति जागृत करने के उद्देश्य से "चन्द्रभान साबुन वाले सेवा सेवा ट्रस्ट" के तत्वावधान में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।प्रतिभागियों को गभार्धान संस्कार विषय पर आधारित ए3 साइज का एक मौलिक चित्र बनाकर भेजना होगा। चयनित एवं उत्कृष्ट चित्रों को पुरस्कृत किया जाएगा तथा उनकी चित्रों को विशेष प्रदर्शनी में प्रदर्शित भी किया जाएगा। प्रथम विजेता को 3,100/ , द्वितीय विजेता को 2,100 तथा तृतीय विजेता को 1,100 से पुरस्कृत किया जायेगा। तथा 5 सांत्वना पुरस्कार 500 (प्रत्येक) दिया जायेगा। संयोजक कवियित्री नूतन अग्रवाल "ज्योति",राजीव जैन व सचिन बंसल ने बताया कि यह प्रतियोगिता महाविद्यालय स्तर पर आयोजित की जा रही है। इसमें स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोधार्थी भाग ले सकते है। प्रतिभागी अपना चित्र 29 जनवरी 2026 तक अपना नाम ,संस्थान का नाम तथा फोन नंबर सहित भेज सकते हैं। चित्रों को 1 फरवरी 2026 को प्रताप नगर स्थित गर्भ संस्कार एवं मैटरनिटी होम पर आयोजित "गभार्धान संस्कार विषयक प्रदर्शनी" में प्रदर्शित किया जायेगा।



## बगदा जैन मंदिर पहुंचे विहसंतसागर जी महाराज

एनएनआई

**आगरा।** जनपद के शमशाबाद रोड स्थित बरौली अहीर क्षेत्र में धर्म, श्रद्धा और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला, जब मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज ससंघ का नवनिर्मित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर बगदा में गुरुवार को भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रातःकाल उपाध्याय श्री ससंघ शमशाबाद से मंगल विहार करते हुए बगदा पधारे, जहां सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा उनका भावपूर्ण एवं श्रद्धामय स्वागत किया गया। मंगल प्रवेश के अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। समाजजनों ने पुष्पवर्षा, मंगल वादन और जयघोष के साथ गुरु ससंघ का अभिनंदन किया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्म लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्यजनों ने उपाध्याय श्री से मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। सकल दिगंबर जैन समाज बगदा ने कहा कि गुरु ससंघ का यह मंगल आगमन क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक उन्नति और धार्मिक चेतना का संदेश लेकर आया है। आयोजन से पूरे क्षेत्र में धर्ममय वातावरण व्याप्त रहा। इस मौके पर बगदा का सकल जैन समाज मौजूद रहो

## प्रयासों से फिर संचालित हुआ नेत्रहीन बच्चों का आवासीय विद्यालय

एनएनआई

**आगरा।** नेत्रहीन बच्चों के एक आवासीय विद्यालय को लेकर बीते कुछ समय से उत्पन्न प्रशासनिक और संचालन संबंधी अनिश्चितता के बाद अब स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन आया है। समाजसेवी सपना गुप्ता के सतत प्रयासों और संवाद के परिणामस्वरूप विद्यालय को पुनः संचालित किया गया है और बच्चों की शिक्षा व्यवस्था बहाल हो सकी है।

महानगर अध्यक्ष दिलीप बंसल ने कहा कि विद्यालय के बंद होने से नेत्रहीन बच्चों की पढ़ाई और उनके भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका थी। इस विषय को लेकर आम आदमी पार्टी के कपिल बाजपेयी द्वारा विभिन्न वर्गों, और संवेदनशील नागरिकों के बीच चिंता बनी हुई थी। समाजसेवी सपना गुप्ता द्वारा लगातार उठाई गई आपत्तियों, तथ्यों के प्रस्तुतीकरण और शांतिपूर्ण प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि बच्चों की शिक्षा बाधित न हो।



शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन की बुनियाद है—विशेषकर उन नेत्रहीन बच्चों के लिए, जिनके लिए शिक्षा ही सबसे बड़ा सहारा होती है। विद्यालय के पुनः खुलने से न केवल बच्चों की नियमित पढ़ाई शुरू हुई है, बल्कि उनके अभिभावकों और सहयोगियों में भी विश्वास बहाल हुआ है।


इस पूरे प्रयास में समाज के जागरूक नागरिकों, मीडिया और उन सभी लोगों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा, जिन्होंने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और बच्चों के हित को प्राथमिकता दी।

यह पहल यह संदेश देती है कि सामूहिक संवेदनशीलता और निरंतर प्रयासों से शिक्षा जैसे मूल अधिकार की रक्षा संभव है।

## 'जब भक्त भगवान का हो जाता है, तब होती है सच्ची होली'

एनएनआई

**आगरा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आगरा क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी हनुमान पार्क में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास साध्वी सुश्री भाग्यश्री भारती जी ने वास्तविक होली के मर्म को समझाते हुए कहा कि सच्ची होली तब होती है जब एक भक्त भगवान का हो जाता है और यह तभी होता है जब ईश्वर का दर्शन हमारे भीतर हो जाए।भक्ति का अर्थ है ईश्वर से जुड़ जाना, उसको जान लेना।तभी कहा भी गया है "जानी जानी रे राजा राम की कहानी जानी , अंतर जोत राम प्रगासा,



गुरुमुख विरले जानी। भगवान है वो देखा जाता है। आज गुरुदेव सर्व श्री आशुतोष महाराज जी हर मानव के भीतर ईश्वर का दर्शन करा कर उसे सच्चे मायने में भक्त बना रहे है। मुख्य अतिथि प्रतिभा तोमर(एक्स जेल विजिटर उत्तर प्रदेश) उपस्थित रही।

# घर पर खड़ी कार से कट गया तमिलनाडु का टोल टैक्स

■ फास्टैग सिस्टम की बड़ी चूक उजागर, जैतपुर थाने में लिखित शिकायत कर की न्याय की मांग

एनएनआई

**जैतपुर।** कस्बा थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुरा से डिजिटल टोल व्यवस्था फास्टैग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करने वाला एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिसमे कार आगरा के जैतपुर थाना क्षेत्र में खड़ी रही और कार पर लगे फास्टैग से टोल टेक्स तमिलनाडु राज्य में कट गया। घटना के बाद पीड़ित ने जैतपुर थाने में लिखित शिकायत देकर जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार जैतपुर थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुरा निवासी निपुण तिवारी ने बताया कि उनकी एक्सयूवी 500 कार यूपी 80 ू 4414 बीते करीब 8 दोनों से घर के बाहर खड़ी हुई है उनकी कार कहीं भी बाहर नहीं गई है। गुरुवार की सुबह वे जब घर पर ही बैठे थे उसी दौरान 10:39 मिनट पर उनके मोबाइल पर फास्ट ट्रैक से रुपए कटने का मैसेज मिला जिसे उन्होंने देखा तो वे हैरान रह गए क्योंकि जिस फास्टैग से उनके रुपए कटे थे वह कार घर के बाहर ही खड़ी हुई थी घटना के तुरंत बाद पीड़ित निपुण तिवारी ने जैतपुर थानाध्यक्ष दीपक कुमार को वीडियो कॉल पर उक्त कार को दिखाया कि उनकी कार इस समय घर के बाहर ही खड़ी हुई है और उनके पास जो फास्ट ट्रैक से टोल शुल्क काटने का मैसेज मिल रहा है वह इस गाड़ी को तमिलनाडु राज्य के पुदुरु टोल टेक्स पर दिखाया जा रहा है। घटना के बाद पीड़ित ने जैतपुर थाने पर लिखित शिकायत कर संबंधित विभाग से इस मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है उनका कहना है यह बहुत गंभीर अपराध है इस तरह की घटना से एक तरफ आर्थिक नुकसान हो रहा है तो दूसरी और मानसिक तनाव भी झेलना पड़ रहा है।

वहीं पीड़ित ने फास्टैग सेवा प्रदाता से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है साथ ही उन्होंने मांग की है कि मामले की गहन जांच कराई जाए और गलत तरीके से कटे टोल टैक्स की राशि वापस की जाए। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि फास्टैग को सुविधा के नाम पर लागू किया गया था, लेकिन इस तरह की घटनाएं सामने आने से इसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों ने संबंधित विभागों से मांग की है कि फास्टैग सिस्टम की तकनीकी खामियों को दूर कर वाहन स्वामियों को राहत दी जाए, ताकि डिजिटल टोल व्यवस्था पर लोगों का भरोसा बना रहे।






# बटेश्वर में यमुना में डूब रही बच्ची को बचाने के लिए कूद गई मां

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर के रानी घाट पर ब्रहस्पतिवार को पूर्वान्ह 11 बजे यमुना नदी में फिरोजाबाद के पिपरौली गांव की 7 साल की बालिका कशिश स्नान कर रही थी। स्नान के दौरान कशिश को डूबता देख उसकी मां मंजू देवी बचाने के लिए नदी में कूद गई। मां-बेटी नदी के गहरे पानी में हिचकोले खाने लगी तो परिजनों ने शोर मचा दिया। नदी में अपनी नाव पर मौजूद हरिओम भदौरिया ने नदी में छलांग लगा कर उसने मां-बेटी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दोनों की जान बचने पर मंजू देवी की बहन तुलसी, डौली, ज्योति, बुआ ऊषा देवी, जेठ प्रेमचंद आदि ने नाविक का शुक्रिया अदा किया। सूचना पर बटेश्वर चौकी की पुलिस पहुंच गई। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले परिवार अपने घर के लिए निकल गया।

# स्याही पुरा में सांसद ने लगाई किसान, श्रमिक चौपाल




एनएनआई

**पिनाहट।** देश की संसद अब किसान और श्रमिकों के हितों के चर्चा नहीं काम भी कर रही है। तभी तो जी राम जी से 125 दिन ग्रामीण रोजगार की नई रोजगार की गारंटी दी है।

गुरुवार शाम करीब आठ बजे थाना बसई अरेला के ग्राम पंचायत सुताहरी के उप गांव पुरा जवाहर में सांसद राजकुमार चाहर ने किसान श्रमिक चौपाल का आयोजन किया। चारपाइयों पर लगी इस चौपाल में सभी विभागों के अधिकारी समय से पहले ही पहुँच गये सांसद ने कहा कि सरकार ने किसान और श्रमिकों का ध्यान रखते हुए ग्रामीण स्तर पर जी राम जी के तहत अपनी फसल के लिए बेअर हाउस बनाने का शुरू करने जा रही है। हमारा लक्ष्य है। कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। बाह में कहीं गांव सड़को से वंचित थे। उनके सड़को का जाल बिछाने का काम किया भारतीय जानता पार्टी की सरकार ने किया है। भारतीय जनता पार्टी किसी एक जाति या परिवार की पार्टी नहीं है। हमारी पार्टी सर्व समाज और सर्व धर्म की पार्टी है। आज रात को बाह में ही रुकूगा सुबह गेस्ट हाउस में समस्या सुनूँगा । इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कप्तान सिंह वर्मा,राजवीर वर्मा, गजेंद्र वर्मा अजय वर्मा ,धर्मवीर वर्मा ने फूलमालाओं से स्वागत किया। काकर खेड़ा नवल दास जी महाराज मंदिर के सेवक ने मंदिर तक पक्का रास्ता बनवाने की माग की । इस दौरान पूर्व विधायक जितेंद्र वर्मा ,सासद प्रतिनिधि मुन्ना लंबर दार जिला पंचायत सदस्य कृष्ण पाल सिंह वर्मा,अशोकवर्मा ,ज़िला अधिकारी बाह सन्तोष कुमार शुक्ला,एसीपी पिनाहट गिरीश कुमार,बीडीओ पिनाहट रजत कुशवाह,अमीन अहमद आदि रहे।

# 6 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही

**फतेहपुर सीकरी एनएनआई।** थाना क्षेत्र के तीन ग्रामों में विभिन्न मामलों में छह लोगों को शांति भंग में निरुद्ध कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। ग्राम सामरा में तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत कृपाल सिंह द्वारा किए जाने पर पुलिस द्वारा आरोपी परमान पुत्र हरि सिंह के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही की गई। ग्राम सीकरी चार हिस्सा में पिंटू उर्फ प्रदीप द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में शांति भंग की कार्यवाही की गई। नगला दधिराम में बीती रात्रि नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए झगड़े के मामले में पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के सोनू एवं मोनू पुत्र विजेंदर एवं तेजपाल पुत्र काके व वीरेंद्र पुत्र भागीर के खिलाफ शांति बनती कार्रवाई की गई है।

# बाबा साहब के चित्र का अनादर करने पर ग्रामीणों में आक्रोश

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** विकासखंड के ग्राम नूरपुर में पंचायत भवन पर बने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र का अनादर किए जाने के मामले में ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

बता दें ग्राम नूरपुर में पंचायत भवन की दीवार पर बाबा साहेब आंबेडकर का चित्र बना हुआ है, जिस पर अराजक तत्वों द्वारा एक सप्ताह पूर्व गंदगी लगाकर अनादर किया गया था। उसके उपरांत बुधवार रात्रि को भी अराजक तत्वों द्वारा पुनः चित्र को खुरच कर, भद्दी गलियां, जाति सूचक शब्द लिखकर चित्र का अनादर किया गया । बृहस्पतिवार सुबह ग्रामीणों द्वारा देखे जाने पर आक्रोश फैल गया जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस एवं विकास विभाग के अधिकारी भी पहुंच गए। ग्रामीणों को समझाइस कर शांत किया गया एवं आपसी सहमति से पंचायत भवन के बाहर बने चित्र को भवन के अंदर बनाये सहमति बनाई गई। तब जाकर ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ । उक्त संबंध में ग्राम प्रधान प्रभु दयाल द्वारा मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की गई , थाना पुलिस को भी अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर सौंपी गई। उक्त मामले में पुलिस द्वारा बताया गया है कि मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने चोरी की पांच बाइकें कीं बरामद, एक अरेस्ट

**आगरा एनएनआई।** शाहगंज क्षेत्र के स्थित सराय ख्वाजा चौकी इंचार्ज देवव्रत पांडे और उनकी टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। चौकी क्षेत्र में हुई बाइक चोरी की घटना ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया था, लेकिन पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए महज 4 दिनों के अंदर पाँच चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है।

शिवनगर निवासी रवि कुमार उदय पैथोलॉजी पर अपनी ड्यूटी करने के लिए हर रोज की तरह जाया करते थे। 19 तारीख की रात उनके लिए अंधेरी रात होने वाली थी, जब उनकी गाड़ी प्लैटिना पैथोलॉजी लैब के बाहर से चोरी हो गई। अज्ञात चोर ने लॉक तोड़कर उनकी बाइक को चुरा लिया था। पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत के साथ इस मामले को सुलझाया और चोरी की बाइक को बरामद कर लिया। सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर को पकड़ लिया गया और उनकी गाड़ी बरामद कर ली गई।





उदय पैथोलॉजी की पूरी टीम ने सराय ख्वाजा चौकी इंचार्ज देवव्रत पांडे और उनकी टीम का सम्मान समारोह आयोजित कर फूलमाला से सम्मान किया। रवि कुमार ने बताया कि बीते चार दिन पूर्व उनकी गाड़ी उदय पैथोलॉजी के बाहर से चोरी हुई थी, लेकिन पुलिस ने अपनी सूझबूझ और सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से चोर को पकड़ लिया और उनकी गाड़ी बरामद कर ली। उदय पैथोलॉजी के डायरेक्टर उदयभान सिंह ने बताया कि सराय ख्वाजा पुलिस चौकी की कार्य शैली बहुत अच्छी रही है। पुलिस के कई चेहरे देखने को मिलते हैं, लेकिन सराय ख्वाजा पुलिस ने सभी क्षेत्रवासियों के दिल में अपनी एक नई जगह बनाई है। सम्मान समारोह में शामिल रहे कुलदीप, नरेश दादा, प्रवीन, रवि कुमार, उदय पैथोलॉजी के डायरेक्टर उदयभान सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संपादकीय

# भाजपा की निरंतरता या नबीन युग!

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन पर्व मना कर नितिन नबीन को अध्यक्ष के पद पर आसीन किया और भाजपा के 12वें अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की नियुक्ति हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में बड़े समारोह के साथ उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरूआत की है।यह भाजपा की स्थापित परंपरा है कि शीर्ष नेतृत्व एक नाम तय करता है और समूचा संगठन उस पर स्वीकृति की मुहर लगा देता है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाते हुए कभी कोई विरोध, चुनाव की चुनौती सामने नहीं आई।अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन को मजबूती देने वाली बात यह रही कि पार्टी की ओर से 37 सेट में नामांकन दाखिल हुआ और राजनाथ सिंह से लेकर अमित शाह और जेपी नड्डा ने कतार में लग कर नितिन नबीन के लिए नामांकन किया। उनके राजनीतिक कद को देखते हुए यह जरूरी था कि पार्टी के शीर्ष नेता उनके पीछे अपने को खड़ा करें। यह मैसेज भाजपा ने बनवा दिया है। चर्चा चल रही है भाजपा में ये ह्यनबीन युगह्ल की शुरूआत है।नए अध्यक्ष के नाम के साथ एक नए युग की शुरूआत का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या भाजपा में सचमुच नए अध्यक्ष के साथ नए युग की शुरूआत होगी और दूसरा सवाल यह है कि क्या सचमुच भाजपा का जो अध्यक्ष होता है उसका कोई युग होता है?भाजपा के अब तक 11 अध्यक्ष हुए हैं लेकिन सबके कार्यकाल को उसके युग के तौर पर नहीं देखा जाता है। जबसे भाजपा बनी तब से मोटे तौर पर दो ही युग रहे। एक अटल-आडवाणी का युग था और अब मोदी-शाह का युग है। सो, भाजपा में यह मोदी-शाह के युग की ही निरंतरता है। हां, उसमें नितिन नबीन को अपने आप को साबित करना है। संगठन का कामकाज पहले की तरह ही चलता रहेगा। फिर भी नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का एक बड़ा संदेश आगे की राजनीति के लिए है। भाजपा ने दिखाया है कि वह आगे की राजनीति के लिए किसी तरह का प्रयोग करने का जोखिम उठाने को तैयार रहती है। यह मामूली फैसला नहीं था कि, जिस नेता के पास संगठन का सामान्य से ज्यादा कोई अनुभव न हो, जिसने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में कोई भूमिका नहीं निभाई हो और अपने राज्य में भी अपने चुनाव क्षेत्र से बाहर की राजनीति में बहुत सीमित काम किया हो उसको सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया जाए। भाजपा ने यह किया तो इसका एक बड़ा संदेश भाजपा के नेताओं के लिए था तो साथ साथ राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के लिए भी था।पिछले तीन साल में राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कितने तरह के कयास लगाए जा रहे थे। जून 2024 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें कम होकर 240 पर आने के बाद कैसे कहा जा रहा था कि अब राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ तय करेगा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा। संघ की पसंद के तौर पर भाजपा के कई दिग्गज नेताओं के नाम की चर्चा हो रही थी। मोदी और शाह की पसंद के तौर पर भी आधा दर्जन से ज्यादा नेताओं के नाम की चर्चा हो रही थी। लेकिन न तो जिनको संघ की पसंद बनाया जा रहा था वे अध्यक्ष बने और न जो बड़े अनुभवी और संगठन से जुड़े नेता थे वे बने। तभी नितिन नबीन का अध्यक्ष बनना एक चुनौतीपूर्ण और जोखिम वाला फैसला भी है।नितिन नबीन से ज्यादा चुनौती मोदी और शाह की इसलिए है क्योंकि आगे के चुनाव नतीजों और संगठन के कामकाज के लिए जिम्मेदारी उनके ऊपर ही आयद होगी। इस साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उनकी सफलता और विफलता का आकलन नितिन नबीन के कामकाज से नहीं होगा। भाजपा जीतती है तो उसका श्रेय जरूर नितिन नबीन को भी मिल सकता है लेकिन हार का ठीकरा उनके ऊपर नहीं फूटेगा।क्योंकि हर जगह चुनाव मोदी और शाह ही लड़ते दिखते हैं।आने वाले दिनों में भाजपा की इस राजनीति की निरंतरता बनी रहेगी। अब जो काम जेपी नड्डा करते थे वह काम नितिन नबीन करेंगे। गुणात्मक रूप से कुछ भी बदलने नहीं जा रहा है।पिछले 20 साल से भारतीय जनता पार्टी अगड़ा अध्यक्ष चुनती रही है। नितिन नबीन का चुना जाना उस नीति की भी निरंतरता है। नितिन नबीन के जरिए दूसरा संदेश युवाओं का है।नितिन नबीन के जरिए भाजपा के कार्यकताओं और नेताओं को यह बताया गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष या किसी भी बड़े पद पर पहुंचने के लिए उम्र, अनुभव या पृष्ठभूमि बहुत अहम नहीं है। नितिन नबीन के मामले में उम्र के पहलू पर ज्यादा जोर इसलिए है क्योंकि इस समय कांग्रेस के राहुल गांधी से लेकर देश के ज्यादातर राज्यों की प्रादेशिक पार्टियों का नेतृत्व अपेक्षाकृत युवा नेताओं के हाथ में है या उनके हाथ में आने वाली है। बिहार में 36 साल के तेजस्वी यादव ने कमान संभाल ली है तो झारखंड में 50 साल के हेमंत सोरेन ने पार्टी और सरकार की कमान संभाली है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव कमान संभाल चुके हैं। तमिलनाडु में उदयनिधि स्टालिन, पश्चिम बंगाल में अभिषेक बनर्जी, महाराष्ट्र में आदित्य ठाकरे जैसे नेता कमान संभालने वाले हैं। उससे पहले भाजपा ने अपनी तीसरी पीढ़ी के नितिन नबीन को मैदान में उतार दिया है।प्रधानमंत्री ने भी अपने भाषण में कह दिया है कि भाजपा के अध्यक्ष बदलते हैं आदर्श नहीं बदलते। इससे भी जाहिर है कि नीतिगत तौर पर भी कुछ नहीं बदलने वाला है। इसलिए नितिन नबीन की नियुक्ति को भाजपा की मौजूदा राजनीति की निरंतरता के तौर पर ही देखने की जरुरत है।

# पराक्रम दिवस

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस का राष्ट्रवादी स्वप्न और आज का भारत



23 जनवरी भारतीय राष्ट्रचेतना का वह दिन है, जब देश सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में स्मरण करता है। भारत सरकार ने इस दिन को पराक्रम दिवस घोषित कर राष्ट्र के उस स्वाभिमान को पुनर्स्थापित किया, जिसे नेताजी ने अपने चिंतन, संघर्ष और त्याग से दिशा दी। यह दिवस केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं बनता, बल्कि यह दिन आत्ममंथन, संकल्प और कर्तव्यबोध को भी प्रेरित करता है।

नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक में हुआ। उन्होंने बाल्यावस्था से ही असाधारण मेधा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। कलकत्ता विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की, लेकिन उन्होंने ब्रिटिश शासन की सेवा स्वीकार नहीं की। उन्होंने उस समय यह स्पष्ट किया कि विदेशी सत्ता की अधीनता में सम्मानजनक जीवन संभव नहीं है। इसी निर्णय ने उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा किया।

नेताजी ने स्वतंत्रता आंदोलन को केवल राजनीतिक विमर्श तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने इसे सशस्त्र संघर्ष, संगठन और अनुशासन से जोड़ा। कांग्रेस के भीतर सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने पार्टी को जनांदोलन की दिशा में ले जाने का प्रयास किया। हालांकि वैचारिक मतभेदों के कारण उन्होंने अलग मार्ग चुना। इसके बाद उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर स्वतंत्रता संग्राम को निर्णायक मोड़ देने का साहसिक प्रयास किया।

आजाद हिंद फौज के माध्यम से नेताजी ने भारतीयों में आत्मविश्वास जगाया। उन्होंने "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा" का नारा देकर युवाओं को संघर्ष के लिए तैयार किया। उन्होंने दक्षिण पूर्व एशिया में बसे भारतीयों को संगठित किया और अंग्रेजों के विरुद्ध सैन्य अभियान आरंभ किया। अंडमान-निकोबार को आजाद हिंद सरकार के अधीन लाकर उन्होंने पहली बार भारतीय तिरंगे को विदेशी शासन से मुक्त भूमि पर फहराया। इस घटना ने स्वतंत्रता आंदोलन में नई ऊर्जा का संचार किया।

नेताजी ने स्वतंत्र भारत की कल्पना केवल राजनीतिक आजादी तक सीमित नहीं रखी। उन्होंने सामाजिक समरसता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय एकता पर बल दिया। उन्होंने धर्म, जाति और भाषा के आधार पर विभाजन को राष्ट्र के लिए घातक माना। उनके नेतृत्व में आजाद हिंद फौज में हर वर्ग और समुदाय के लोग शामिल हुए। यह समावेशी दृष्टि आज भी भारत के लिए प्रासंगिक बनी हुई है।




पराक्रम दिवस के रूप में नेताजी की जयंती मनाने का उद्देश्य उनके अदम्य साहस को राष्ट्रीय स्मृति में स्थायी स्थान देना है। यह दिवस देश को यह स्मरण कराता है कि स्वतंत्रता संघर्ष केवल अहिंसा तक सीमित नहीं रहा। भारत की आजादी के लिए अनेक मार्गों ने समान रूप से योगदान दिया। नेताजी ने उन मार्गों में पराक्रम, अनुशासन और त्याग को केंद्रीय तत्व बनाया।

आज के भारत में पराक्रम दिवस युवाओं को कर्तव्य और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा देता है। वैश्विक प्रतिस्पर्धा, आंतरिक चुनौतियां और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के दौर में नेताजी का चिंतन मार्गदर्शक बनता है। उन्होंने जिस आत्मनिर्भर और शक्तिशाली भारत का स्वप्न देखा, उसे साकार करने की जिम्मेदारी वर्तमान पीढ़ी पर आती है।

**नेताजी का जीवनः विद्रोह से राष्ट्रनिर्माण तक**

जन्म- 23 जनवरी 1897, कटक (ओडिशा)

शिक्षा- आईसीएस जैसी प्रतिष्ठित सेवा छोड़ी क्योंकि गुलामी की कुर्सी उन्हें मंजूर नहीं थी।

विचार- "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा", यह नारा नहीं, प्रतिज्ञा थी।

नेताजी ने कांग्रेस के भीतर रहते हुए भी जब अहिंसक रणनीति को अपर्याप्त पाया, तो उन्होंने अलग राह चुनी। यही साहस उन्हें आजाद हिंद फौज (क्ठअ) तक ले गया, एक ऐसी सेना जिसने भारतीयों को हथियार उठाकर भी राष्ट्र के लिए खड़े होना सिखाया।

**आजाद हिंद फौज और दिल्ली चलो**

आजाद हिंद सरकार की स्थापना और क्ठअ का गठन, भारत के इतिहास में अभूतपूर्व था।

नेताजी का उद्घोष दिल्ली चलो ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी।

यह सेना केवल सैन्य शक्ति नहीं थी; यह आत्मसम्मान की सेना थी, जहां स्त्रियों के लिए रानी झांसी रेजिमेंट बनी और धर्म-भाषा से ऊपर राष्ट्र रखा गया। 23 जनवरी को मनाने का उद्देश्य था, देश को याद दिलाना कि आजादी याचना से नहीं, पराक्रम से मिली और यह कि संकट के समय नेतृत्व साहस मांगता है, समझौता नहीं।

# रानी मुखर्जी

## ने करण जौहर को कहा धन्यवाद

## 'कुछ कुछ होता है' ने बदल दी थी जिंदगी की दिशा



अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने अपने फिल्मी सफर के शुरूआती दिनों से जुड़ा एक भावुक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि करियर की शुरूआत में उन्हें एक बड़ा झटका तब लगा, जब फिल्म 'गुलाम' में उनकी आवाज किसी अन्य कलाकार से डब कराई गई। रानी ने बताया कि उस समय वह नई थीं और ज्यादा विरोध करने की स्थिति में नहीं थीं। बाद में उन्हें समझाया गया कि यह फैसला फिल्म के हित में लिया गया था। हालांकि यह अनुभव उनके लिए मानसिक रूप से कठिन रहा। इसके बाद रानी ने फिल्म निमार्ता करण जौहर का आभार जताया, जिन्होंने फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में उनकी असली आवाज को बनाए रखा। रानी के मुताबिक, यही वह क्षण था जिसने उन्हें अपनी पहचान दिलाई और उनके आत्मविश्वास को नई मजबूती दी। उन्होंने कहा कि करण जौहर का समर्थन उनके करियर का अहम मोड़ साबित हुआ। आज रानी अपने तीन दशक लंबे करियर को संतोष और गर्व के साथ देखती हैं।

पुष्पा 3 में बढ़ेगा श्रीवल्ली का कद

# रश्मिका मंदाना

## का किरदार होगा और मजबूत



मनोरंजन जगत में पुष्पा फ्रेंचाइजी को लेकर एक बार फिर चचाएं तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि पुष्पा के तीसरे भाग में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के किरदार श्रीवल्ली को पहले से कहीं अधिक अहम बनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, पहले भाग की तुलना में दूसरे भाग में ही श्रीवल्ली की भूमिका अधिक सशक्त नजर आई थी। अब तीसरे भाग में उनका किरदार कहानी का मुख्य स्तंभ बनने जा रहा है। रश्मिका की बढ़ती लोकप्रियता और पैन इंडिया पहचान को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, आने वाली फिल्म में श्रीवल्ली सिर्फ सहायक भूमिका में नहीं रहेंगी, बल्कि कहानी की भावनात्मक गहराई और संतुलन में उनका योगदान निर्णायक होगा। इससे फिल्म में महिला किरदार की मजबूती और प्रभाव और बढ़ने की उम्मीद है।

नेपोटिज्म गलत नहीं, लेकिन कब बन जाता है जहर?

## विवेक रंजन अग्निहोत्री ने 'कुम्हार और मटका' के उदाहरण से समझाया



फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को लेकर लंबे समय से बहस चलती रही है। जहां एक ओर फिल्मी परिवारों से आने वाले कलाकारों को आसानी से मौके मिलने के आरोप लगते हैं, वहीं दूसरी ओर कई बाहरी कलाकार संघर्ष की बात उठाते रहे हैं। इसी विषय पर निमार्ता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपनी बेबाक राय रखी है। विवेक रंजन का कहना है कि नेपोटिज्म अपने आप में गलत नहीं है, लेकिन जब यह योग्यता और प्रतिभा को दबाने लगे, तब यह नुकसानदेह बन जाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि किसी डॉक्टर का बेटा डॉक्टर बनता है या किसी कारीगर का बेटा कारीगरी सीखता है, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। इसी तरह यदि कुम्हार का बेटा अच्छा मटका बनाना जानता है, तो उसे अवसर मिलना स्वाभाविक है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समस्या तब खड़ी होती है जब योग्यता के बिना सिर्फ परिवार के नाम पर मौके दिए जाते हैं। यदि कुम्हार का बेटा मटका बनाना नहीं जानता, फिर भी उसे बार-बार अवसर दिए जाएं और योग्य लोगों को पीछे रखा जाए, तो यही स्थिति नेपोटिज्म को 'जहर' बना देती है। उनके मुताबिक ऐसी स्थिति इंडस्ट्री के लिए घातक साबित होती है।

newsnextindia1@gmail.com
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


सरकार की जिद पर क्रिकेट की कुर्बानी

# बांग्लादेश का विश्वकप से हटने का फैसला

## बीसीबी की आय 60% घटने की आशंका




**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट अपने इतिहास के सबसे बड़े संकट के मुहाने पर खड़ा है। सरकार के सलाहकार आसिफ नजरुल के सख्त रुख और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा से जुड़े फैसले के चलते बांग्लादेश का टी20 विश्व कप 2026 से हटना लगभग तय माना जा रहा है। इस अभूतपूर्व हालात का असर सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को करोड़ों का आर्थिक झटका लग सकता है, जबकि खिलाड़ी अपने करियर के सबसे अहम मौके से वंचित होने की कगार पर हैं।

दरअसल, बांग्लादेश अपनी हठ पर कायम है और आईसीसी के अल्टीमेटम के बावजूद उसने एक बार फिर दोहराया है कि वह भारत में टी20 विश्व कप के मैच नहीं खेलेगा।

ढाका में गुरुवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों की अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल के साथ बैठक हुई। इस बैठक के बाद बीसीबी के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम बुलबुल ने बताया कि उनका रुख स्पष्ट है।

### बांग्लादेश को अब भी उम्मीद

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा, हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमें श्रीलंका में खेलने का मौका देगी। भारत न जाने का फैसला हमारी सरकार ने लिया है। हालांकि हमारे क्रिकेटरों ने विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है लेकिन भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का खतरा अब भी बना हुआ है। यह चिंता किसी काल्पनिक विश्लेषण पर आधारित नहीं है। हम अब भी उम्मीद नहीं छोड़ रहे हैं। हमारी टीम तैयार है। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमारे वास्तविक सुरक्षा जोखिमों पर विचार करके हमें श्रीलंका में खेलने की इजाजत देकर न्याय करेगा।

न्यूजीलैंड को बड़ा झटका

# टी20 विश्व कप से बाहर हुए एडम मिल्ने

## काइल जेमीसन बने रिप्लेसमेंट




**वेलिंगटन।** टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड की टीम को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज एडम मिल्ने बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह टीम में काइल जेमीसन को शामिल किया गया है, जो पहले से ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम के साथ मौजूद थे। मिल्ने को यह चोट 18 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में मैच के दौरान लगी थी। चोट गंभीर होने के कारण चयनकर्ताओं ने उन्हें विश्व कप से बाहर करने का फैसला लिया। टीम प्रबंधन ने संकेत दिए हैं कि एक अन्य रिजर्व खिलाड़ी की घोषणा बाद में की जाएगी।

### चोटों से परेशान कीवी टीम

न्यूजीलैंड की टीम पहले ही कई चोटों और अनुपलब्ध खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही है। तेज गेंदबाज विल ओ'रूर्के, ब्लेयर टिकनर, नाथन स्मिथ और बेन सीयर्स चोटिल हैं। वहीं मिचेल सैंटनर, मार्क चैपमैन और मैट हेनरी हाल ही में चोट से उबरे हैं और फिलहाल श्रृंखला खेल रहे हैं। तेज गेंदबाज लोकी फर्ग्यूसन भी पिंडली की चोट के कारण बाहर चल रहे हैं। इसके अलावा कुछ खिलाड़ी पारिवारिक कारणों से विश्व कप के शुरूआती मुकाबले मिस कर सकते हैं।

### कोच ने जताया अफसोस

टीम के मुख्य कोच ने एडम मिल्ने के बाहर होने पर निराशा जताते हुए कहा कि उन्होंने टूर्नामेंट की तैयारी के लिए काफी मेहनत की थी और हालिया मैचों में अच्छी लय में थे। कोच ने काइल जेमीसन को टीम में शामिल किए जाने को राहत भरा फैसला बताया और कहा कि उनकी मौजूदगी से तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी।

### न्यूजीलैंड की अपडेटेड टीम

मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवन कॉनवे, जैकब डफी, लोकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जेमीसन, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।

# लगातार तीन मैचों में हार के बाद गुजरात की पहली जीत

## यूपी को 45 रन से हराकर दूसरे स्थान पर पहुंची

**वडोदरा।** लगातार तीन मैचों में हार झेलने वाली गुजरात जाएंट्स ने यूपी वॉरियर्स को 45 रन से हराकर पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। गुरुवार को वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सोफी डिवाइन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 153 रन बनाए। जवाब में यूपी की टीम 17.3 ओवर में सिर्फ 108 रन ही बना सकी। उनके लिए फीबी लिचफील्ड ने 32 रन बनाए और क्लो ट्रायन 30 रन बनाकर नाबाद रहीं।




टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जाएंट्स की शुरूआत तेज रही, लेकिन टीम इस लय को बरकरार नहीं रख सकी। पावरप्ले में गुजरात ने 52 रन बना लिए थे, हालांकि शुरूआती ओवरों में विकेट गिरने से दबाव भी बना रहा। डैनी वायट-हॉज 14 रन बनाकर क्रांति गौड़ की गेंद पर आउट हुईं, जबकि कप्तान एश्ले गार्डनर सिर्फ 5 रन बनाकर दीप्ति शर्मा का शिकार बनीं। इसके बाद बेथ मूनी और सोफी डिवाइन ने पारी को संभालने की कोशिश की। मूनी ने 34 गेंदों में 38 रन की सधी हुई पारी खेली, लेकिन बीच के ओवरों में यूपी वॉरियर्स की स्पिन चौकड़ी ने रन गति पर पूरी तरह अंकुश लगा दिया। सोफी एक्लेस्टोन ने किफायती गेंदबाजी करते हुए मूनी का विकेट लिया।

एक छोर पर डटी रहीं सोफी डिवाइन ने दबाव में संयम दिखाया और नाबाद अर्धशतक जड़ा। डिवाइन ने 42 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें तीन छक्के और दो चौके शामिल रहे। वह एक मौके पर रन आउट होने से बचीं और बाद में नो-बॉल पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया। अंतिम ओवर में शिखा पांडे की गेंदों पर लगाए गए दो छक्कों की बदौलत गुजरात 20 ओवर में आठ विकेट पर 153 रन तक पहुंचने में सफल रही। यूपी की ओर से क्रांति गौड़ ने नई गेंद से शानदार गेंदबाजी करते हुए 2/18 के आंकड़े दर्ज किए, जबकि दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन और क्लो ट्रायन ने बीच के ओवरों में रन रोकने में अहम भूमिका निभाई।

154 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्स की शुरूआत बेहद खराब रही। पहले ही ओवर में किरण नवगिरे बिना खाता खोले स्टंप हो गईं। इसके बाद कप्तान मेग लैनिंग और फीबी लिचफील्ड ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन लैनिंग 14 रन बनाकर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गईं, जिससे पावरप्ले में टीम दबाव में आ गई। फीबी लिचफील्ड ने एक छोर संभालते हुए 32 रन बनाए, लेकिन उन्हें कप्तान एश्ले गार्डनर ने आउट कर यूपी की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। इसके बाद मध्यक्रम पूरी तरह बिखर गया। हरलीन देओल सिर्फ 3 रन बना सकीं, जबकि दीप्ति शर्मा राजेश्वरी गायकवाड़ की फिरकी में फंसकर जल्दी पवेलियन लौट गईं।

## शुक्रवार, 23 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातकों को राजनीतिक क्षेत्र में सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति उदासीन न रहें। वाणी पर संयम रखें। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। काम की अधिकता के चलते पारिवारिक उपेक्षा न करें। किसी भी विवाद में उलझना ठीक नहीं। विरोधी परास्त होंगे।

आपकी राशि से द्वितीय भाव में बृहस्पति के अशुभ योग से मन में तनाव, दुख, चिंता और मानसिक अशांति हो सकती है। इसके बाद भी आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शारीरिक व मानसिक क्लेश मिल सकता है।

आज कुंभ राशि का चंद्रमा आपके पराक्रम की वृद्धि कर रहा है। धन ऐश्वर्य वृद्धि से शत्रु ईर्ष्या करेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी की संभावना है। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें।

कर्क राशि के स्वामी चन्द्रमा अष्टम भाव में संचार कर रहे हैं। ऐसे में यह किसी आंतरिक विरोध या टकराव को जन्म दे सकता है। इस दौरान व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

आज कुम्भ राशि पर चन्द्रमा सप्तम का और प्रथम भाव में सिंह राशि गत केतु अभीष्ट सिद्धि कारक है। ऐसे में र के लिए उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें।

आज आपकी राशि से द्वादश केतु सप्तम राहु योग बना हुआ है। ऐसे में आप कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में रहेंगे। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

राशि पर पंचम घर का चन्द्रमा एकादश भाव में केतु आज आपके पुरुषार्थ और पराक्रम की वृद्धि करेगा। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। खान-पान पर संयम रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। झगड़ा विवाद से बचें।

राशि का स्वामी कुंभ राशि का होकर चतुर्थ भाव में पुराने रोग ऋण से छुटकारा दिलाएगा। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान-पान में संयम रखें। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है। विरोधियों का पराभव होगा। रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी।

आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि पर वक्री है। ऐसे में गुप्त शत्रु, ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

आपकी राशि पर तृतीय शनि षष्ठम गुरु का प्रभाव है। नवम भाव में केतु विवेकपूर्ण कार्य संपादन, रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिल सकता है। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

कुंभ राशि के जातकों के राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप की संभावना है। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें।

आज आपकी राशि से चन्द्रमा द्वादश लक्ष्मी विजय कारक है। पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपके स्वभाव व वर्चस्व में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा। मैत्री संबंध मधुर होंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# आईएमए ने लिया बालिकाओं के चहुंमुखी विकास का संकल्प

## नेशनल गर्ल्स डे पर समाज को लड़कियों की सुरक्षा का किया पोस्टर विमोचन

एनएनआई




**आगरा।** इंडियन मेडिकल एसोशिएशन ने बसंतोत्सव में बालिकाओं के बहुआयामी विकास का संकल्प लिया। आईएमए ने बसंतोत्सव मनाते हुए नेशनल गर्ल्स डे पर समाज को लड़कियों की सुरक्षा,उनके पौष्टिक खान पान,स्वास्थ्य, पढ़ाई लिखाई के लिए जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए पोस्टर विमोचन किया । सरस्वती माता की पूजा अर्चना के साथ आई एम ए ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ,हे शारदे मां स्तुति के साथ शुरू किया। सांस्कृतिक सचिव डा अमिता कुशवाहा,डा पवन गुप्ता,डा अनूप दीक्षित ने सभी लोगों के साथ सभी सदस्यों ने इस भजन को गाया। अध्यक्ष डा पंकज नगायच ने बताया वैसे तो प्रत्येक दिवस कन्या पूजन से ही सार्थक है और हम सभी इसी संस्कृति के ध्वज वाहक है और आगरा इस बात को पूरी जिम्मेदारी के साथ समाज के मध्य रखता है कि कोई भी राष्ट्र तब ही सशक्त हो सकता है जब उस राष्ट्र की बालिकाएं सशक्त हो,शिक्षित हो ,पोषित हों और यही आवाहन को बालिका दिवस पर शहर से हम करेंगे। सचिव डा रजनीश मिश्रा ने बताया कि विभिन्न हॉस्पिटल्स, क्लीनिक मै पोस्टर बैनर के माध्यम से जनता के मध्य इस विचार को लेकर हम लोग जायेंगे।

कार्यक्रम में डा हरेंद्र गुप्ता,डा ओ पी यादव, डा रवि पचौरी,डा वाई बी अग्रवाल, डा एस के कालरा,डा रेखा रानी,डा मानवेंद्र शर्मा,डा मोहनिया,डा अनंग उपाध्याय,डा सीमा सिंह,डा अर्पिता,डा करन रावत,डा दीप्ति माला,डा आशंक गुप्ता, डा अभिनव,डा एल के गुप्ता सहित अन्य कई चिकित्सक मौजूद रहे।

# सेंट एंड्रयूज स्कूल की नव्या गुप्ता 'एशियन गेम्स' चयन ट्रायल में लेंगी हिस्सा

एनएनआई



**आगरा।** सेंट एंड्रयूज स्कूल की होनहार ताइक्वांडो खिलाड़ी नव्या गुप्ता एशियाई खेलों की ओर बढ़ते अपने सफर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करने जा रही हैं। 20वें एशियन गेम्स (आइची-नागोया 2026) के लिए आयोजित ओपन सेलेक्शन ट्रायल में नव्या गुप्ता भाग लेंगी। यह चयन ट्रायल एसएमएस इंडोर स्टेडियम, जयपुर (राजस्थान) में आयोजित किया जाएगा। इस ट्रायल का आयोजन इंडिया ताइक्वांडो के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें देशभर से शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे।

नव्या गुप्ता का इस प्रतिष्ठित ट्रायल में चयन उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है और अब उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना है। नव्या की इस उपलब्धि से सेंट एंड्रयूज स्कूल के सीएमडी डॉ. गिरधर शर्मा, एमडी सीए अपूर्वा शर्मा, प्रधानाचार्या साहिबा खान, उपप्रधानाचार्या रीता राय, बीडी दुबे, उनके प्रशिक्षक विक्रम सक्सेना एवं परिवारजनों में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने नव्या को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वह चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। नव्या गुप्ता की यह सफलता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है।

# मथुरा और काशी हमें दे दो, हमें तुम्हें दही और बूरा खिलाएंगेः देवकीनंदन



एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर देशभर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जीआईसी मैदान पर आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने जमकर निशाना साधा। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने एक बार मथुरा और काशी मुद्दा उठाया है। कहा- मथुरा और काशी हमें दे दो, हमें तुम्हें दही और बूरा खिलाएंगे। वहीं, उन्होंने प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शंकराचार्य घटना पर कहा-इस विषय पर मैं धर्मसंकट में हूं। फिर भी ये कहूंगा, संतों के साथ मारपीट ठीक नहीं। देवकीनंदन ठाकुर ने प्रयागराज विवाद पर कहा कि शंकराचार्य मेरे लिए भगवान समान हैं। इस विवाद पर में बोलना उचित नहीं समझता, लेकिन प्रशासन से इतना जरूर कहना चाहूंगा कि जिसके माथे पर तिलक लगा हो, उसके साथ ऐसा कोई व्यवहार नहीं करना चाहिए जिससे हिंदुत्व और सनातन का अपमान हो। संत समाज को ऐसे विवाद एक साथ बैठकर सुलह कर लेने चाहिए। इन्हें ज्यादा बढ़ावा नहीं देना चाहिए। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि लोग कहेंगे मैं हिंदू-मुस्लिम कर रहा हूं, लेकिन मैं सौगंध खाता हूं, मथुरा और काशी हमें दे दो, हम तुम्हें दही और बूरा खिलाएंगे। ब्रज में दही-बूरे के बिना दावत अधूरी है। उन्होंने दावा किया कि वे भाईचारे के लिए दो कदम हम, दो कदम तुम चलने को तैयार हैं, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि अब बहुत सह लिया, अब नहीं सहेंगे, हिंदू अपना हक लेकर रहेंगे।

समिति के संयोजक विनीत शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष में सभी हिंदुओं को संगठित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस दौरान करन गर्ग, रजत जोशी, अनीता खरे और डा. योगेश जिंदल आदि उपस्थित रहे।देवकीनंदन ठाकुर ने कहा-आगरा की पहचान ताजमहल से क्यों होनी चाहिए क्या यहां यमुना नहीं हैं, यहां मंदिर नहीं हैं, क्या यहां अकेला ताजमहल ही है, जिसके लिए आगरा को प्रसिद्ध कर दिया।


लोग हमें बांटने का प्रयास कर रहे हैं, लोग हमें लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं, उस प्रयास को निष्फल करें, उसे कामयाब न होने दें। ऊंच-नीच छोड़कर सभी सनातनी एक साथ अपनी आने वाली जनरेशन के लिए काम करें, धर्म के लिए काम करें और अपने देश के लिए काम करें।

# श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर हुई भजन संध्या

एनएनआई



**आगरा।** श्यामलाल सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, यमुना ब्रिज (घाट), आगरा में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर सांस्कृतिक भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंध समिति, पूर्व छात्र एवं समस्त आचार्यगण उपस्थित रहे। सभी ने भगवान श्रीराम के भजन-कीर्तन से विद्यालय के वातावरण को भक्तिमय एवं प्रफुल्लित कर दिया। भगवान श्रीराम के स्वरूप ने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी आगंतुकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राम कुमार शर्मा (जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी) द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं श्रीराम की आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर आर.पी. गोयल, ईश्वर चंद शर्मा, स्नेहा जी सहित अनेक सम्मानित अतिथि एवं अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री उत्तम सिंह ने इस कार्यक्रम को संस्कृति, श्रद्धा, समर्पण एवं संस्कारों से परिपूर्ण आयोजन बताया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या एवं शिशु वाटिका प्रभारी श्रीमती वंदना सक्सेना के निर्देशन में संपन्न हुआ।




# हवन यज्ञ कर मनाया राम मंदिर स्थापना दिवस



एनएनआई

**आगरा।** माँ दुर्गा मंदिर नामनेर पर निवासियों ने तृतीय श्री राम मंदिर स्थापना दिवस पर "श्री राम रामाय नमः स्वाहा" मंत्र का जाप करते हुए यज्ञ किया। यज्ञ से पूर्व गणेश,माँ दुर्गा एवं समस्त देवी देवताओं का विधि विधान से पूजन किया। यज्ञ के उपरांत खीर का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर संकल्प सेवा संस्था के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित ने बताया कि 500 वर्षों से बहुप्रतीक्षित जन जन के आराध्य श्री राम लला का अयोध्या में मंदिर हिंदुओ के गौरव का प्रतीक है एवं राम का चरित्र अतुलनीय एवं प्रत्येक हिन्दू के लिए अनुकरणीय है। यज्ञ में सतीश शर्मा,लता शर्मा,ब्रजेश अग्रवाल,उदय प्रताप बघेल,संजय शर्मा,ब्रजेश पंडित आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।